झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

PROJECT RAIL
(REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING)
GENERAL SCHOOL

विषय – हिन्दी A | कक्षा-**09**

समय 1 घण्टा | पूर्णांक-**20**

सामान्य निर्देश :

*1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **12** प्रश्न हैं।सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।*

2. प्रश्न के प्रकार एवं अंक :

***प्रश्न 1 से 6 - वस्तुनिष्ठ प्रश्न** 6x1=6*

***प्रश्न 7 से 10 - लघु उत्तरीय प्रश्न** 4x2 =8*

***प्रश्न 11 एवं 12 - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** 2x3=6*

*3. प्रश्न संख्या **1** से **6** बहुविकल्पीय प्रकार के हैं। **6** बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **2** प्रश्न योग्यता आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न **1** से **6** के लिए चार विकल्प दिए गए है, सही विकल्प **(a, b, c, d)** का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखना हैं।*

4. परीक्षा की समाप्ति से पहले किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

SECTION - A (1x6=6) बहुविकल्पीय प्रश्न

(1) 'मेघ आए' कविता किसके द्वारा रचित है?

(क) महादेवी वर्मा (ख) ललद्यद

(ग) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (घ) राजेश जोशी

(2) कवि को बच्चों से क्या छिन जाने की पीड़ा है?

(क) खिलौने (ख) वस्त्र

RAIL 02-11-2026

(ग) बचपन (घ) चॉकलेट

(3) लेखिका को पुरस्कार में जो कटोरा मिला, वह कटोरा उनसे किसने ले लिया था?

(क) माताजी ने (ख) सुभद्रा कुमारी ने

(ग) गाँधीजी ने (घ) अध्यापिका ने

(4) सुभद्रा कुमारी चौहान ने महादेवी की कौन सी चोरी पकड़ ली थी?

(क) कविता लिखने की (ख) नकल मारने की

(ग) खाना खाने की (घ) पैसे छुपाने की

(5) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

(क) चार (ख) तीन

(ग) दो (घ) आठ

(6) जिसमें एक पद विशेषण और दूसरा पद विशेष्य होता है, वह कौन सा समास कहलाता है?

(क) अव्ययीभाव समास (ख) द्विगु समास

(ग) द्वंद्व समास (घ) कर्मधारय समास

SECTION - B (4x2=8) (लघु उत्तरीय प्रश्न)

(7) जो बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, वह क्या करते होंगे?

(8) लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों?

(9) समास किसे कहते हैं और समास के कितने भेद हैं? उदाहरण के साथ लिखिए।

(10) वाक्य किसे कहते हैं और रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

RAIL 02-11-2026

SECTION - C (2x3=6) (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

(11) लेखिका ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

(12) अलंकार किसे कहते हैं? अलंकार के कितने भेद हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

RAIL 02-11-2026